दिन–शनिवार दिनांक– 06/07/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. संसद का बजट सत्र बाईस जुलाई से शुरू होगा। तेईस जुलाई को लोकसभा में पेश किया जाएगा आम बजट।

02. केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा– अगले पांच वर्षों में लगभग दो लाख ग्राम पंचायतों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियां, पैक्स स्थापित की जाएगी।

03. स्वास्थ्य मंत्रालय ने नीट– यूजी काउंसलिंग स्थगित किये जाने के समाचार को फर्जी बताया। कहा– काउंसलिंग कार्यक्रम की अब तक नहीं की गयी है घोषणा।

04. और, मॉनसून की सक्रियता से प्रदेशभर में बारिश का सिलसिला जारी। वाल्मीकिनगर गंडक बराज और भीमनगर कोसी बराज से पानी छोड़े जाने के बाद निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ा।

———————————————————

संसद का बजट सत्र बाईस जुलाई से शुरू होगा। यह सत्र बारह अगस्त तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि केन्द्रीय बजट दो हजार चौबीस–पच्चीस लोकसभा में तेईस जुलाई को पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बजट सत्र के लिए दोनों सदनों का सत्र बुलाने के प्रस्ताव की केन्द्र सरकार की सिफारिश का अनुमोदन कर दिया है।

———————————————————

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार अगले पांच वर्षों में लगभग दो लाख ग्राम पंचायतों में बहुद्देश्यीय प्राथमिक कृषि ऋण सोसायटी– पैक्स की स्थापना करेगी। इन पैक्स की स्थापना उन ग्राम पंचायतों में की जाएगी जो अभी तक सहकारिता क्षेत्र से बाहर हैं। श्री शाह ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर गुजरात के गांधी नगर में आयोजित सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के दौरान ये घोषणा की।

———बाईट———

इस देश में आज भी दो लाख पंचायतें ऐसी हैं जहां एक भी कोऑपरेटिव संस्था नहीं है। हमने लक्ष्य रखा है अगले पांच सालों में ये दो लाख पंचायतों में मल्टी पर्पस पैक्स बनाने का काम हमने कोऑपरेटिव मूवमेंट की सोचनी चाहिए। अगर आप कोऑपरेटिव मूवमेंट को मजबूत करोगे तो सारे कोऑपरेटिव मूवमेंट के साथ जुडे हुए किसान आपको बार–बार चुनकर लाएंगे।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने समितियों को व्यवहारिक बनाने के लिए सहकारी नेटवर्क के विस्तार पर जोर दिया।

———बाईट———

सहकारिता क्षेत्र का पूरा आर्थिक व्यवहार सहकारिता क्षेत्र में हो ये अगर हम कर लेते हैं तो हमें सहकारिता क्षेत्र से बाहर एक भी पैसा लाने की जरूरत नहीं पडेगी। गुजरात के सिर्फ दो जिलों के अंदर सात सौ 85 करोड़ रूपए की डिपॉजिट हम बढाने में सफल हुए। अगर देश के सभी जिलों में हो जाए तो हमारे पास पर्याप्त धन होगा, जिससे सहकारिता का मार्ग फल–फूलकर बहुत बड़ा हो जाएगा।

———————————————————————

प्रदेश में किसान क्रेडिट कार्ड के तहत कृषि ऋण लेने वाले किसानों को एक प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान दिया जायेगा। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में कृषि विभाग और नाबार्ड के बीच इस संबंध में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। इस योजना का लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा जो निर्धारित अवधि में ऋण का भुगतान करेंगे। राज्य सरकार ने इस योजना के तहत दस करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की है।

———————————————————————

स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि नीट– यूजी काउंसलिंग स्थगित किये जाने का समाचार गलत है क्योंकि काउंसलिंग की तारीख अभी अधिसूचित नहीं हुई है। नीट–यूजी काउंसलिंग स्थगित किये जाने के संबंध में मीडिया की खबरों के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह स्पष्टीकरण दिया है।

———————————————————————

नीट–यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम तीन आरोपियों सिकन्दर यादवेन्दु, नीतीश और अमित आनंद को पटना से दिल्ली लेकर गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली में तीनों को आमने–सामने बैठाकर पूछताछ की जाएगी।

———————————————————————

संचार मंत्रालय ने देश में हाल ही में मोबाइल सेवा शुल्क में वृद्धि के बारे में कहा है कि मोबाइल सेवा बाजार मांग और आपूर्ति के माध्यम से संचालित होता है। हाल ही में तीन निजी कंपनियों और एक सार्वजनिक मोबाइल कंपनी ने सेवा शुल्क में वृद्धि की है। मंत्रालय ने कहा कि सरकार की नीतियों और नियामक ढांचे के परिणामस्वरूप भारत में मोबाइल ग्राहकों के लिए लागत सबसे कम है।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने पश्चिम चंपारण जिले के कुमारबाग और बक्सर के नवानगर को स्पेशल इकोनॉमिक जोन के लिए उपयुक्त पाया है। केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बिहार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्र को लिखे पत्र में यह जानकारी दी है। पत्र में कहा गया है कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा पिछले दिनों इन दोनों जगहों का स्थलीय सर्वेक्षण करवाया गया था, जिसमें इसे उपयुक्त पाया गया है। इस बीच राज्य के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्र ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जल्द ही केन्द्र सरकार को बियाडा द्वारा भूमि से संबंधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराया जाएगा और आगे की प्रक्रिया पूरी करते हुए बोर्ड ऑफ अप्रूवल के समक्ष स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। स्पेशल इकोनॉमिक जोन की स्थापना निर्यात को बढ़ावा देने के लिए की जाती है। साथ ही इससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा होते हैं।

——————————————————————

रूपौली विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रचार तेज हो गया है। जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज रूपौली स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री कुमार ने एनडीए उम्मीदवार जदयू के कलाधर मंडल के समर्थन में लोगों से वोट की अपील की।

———बाईट———

चुनावी सभा को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा समेत एनडीए के कई नेताओं ने संबोधित किया। इधर, राजद उम्मीदवार बीमा भारती भी उप चुनाव को लेकर सघन जनसंपर्क अभियान चला रही हैं। रूपौली विधानसभा उप चुनाव के लिए दस जुलाई को मतदान होना है।

——————————————————————

प्रदेश में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय है। इसके प्रभाव से राज्य के अधिकतर हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर में सबसे अधिक एक सौ चौरानवे दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी है। वहीं, पश्चिम चंपारण जिले के सिकटा में एक सौ छियासठ दशमलव चार और मोतिहारी में एक सौ अट्ठावन मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। कई अन्य स्थानों पर एक सौ पैंतीस मिलीमीटर से लेकर सौ मिलीमीटर तक बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश होगी। वहीं, राज्य के उत्तरी हिस्सों में कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है।

---बाईट---

इधर, मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में अभी भी सामान्य से ग्यारह प्रतिशत कम बारिश हुई है।

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों और प्रदेश में हो रही बारिश के चलते कोसी, गंडक, महानंदा और परमान नदी उफान पर है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार महानंदा नदी का जलस्तर किशनगंज के तैयबपुर में चेतावनी के स्तर को पार कर गया है। नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की प्रवृति बनी हुई है। वहीं, परमान नदी का जलस्तर अररिया में खतरे के निशान से चौदह सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया। गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट और कोसी नदी सुपौल के बसुआ तथा खगड़िया के बलतारा में चेतावनी के स्तर से ऊपर चली गयी है।

---

इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर गंडक बराज से आज दो लाख छियानवे हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। गंडक के जलस्तर में अगले कुछ घंटों में और वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है। स्थानीय प्रशासन ने संबंधित विभागों के कर्मियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल राहत पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। प्रशासन ने बगहा अनुमंडल को चार जोन में बांटकर जल संसाधन विभाग के अभियंताओं की प्रतिनियुक्ति की है। इसके अलावा निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की गयी है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में जान–माल की क्षति को रोका जा सके। इधर, सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि भीमनगर स्थित कोसी बराज से आज शाम तीन लाख तीन हजार आठ सौ साठ क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसके बाद बराज के उनचालीस फाटक खोल दिये गये हैं। जिले के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है।

---

राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि विश्वविद्यालयों में समाज की आवश्यकता के अनुरूप शिक्षा दी जानी चाहिए। श्री आर्लेकर आज पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के सीनेट की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

———————————————————————

सुपौल के भीमनगर में आज एसएसबी और आर्म्ड पुलिस फोर्स ऑफ नेपाल के अधिकारियों के बीच समन्वय बैठक आयोजित की गयी। एसएसबी पैंतालीसवीं बटालियन के कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि बैठक में सीमा पार तस्करी और अतिक्रमण जैसे मुद्दों पर चर्चा की गयी।

———————————————————————

आज भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी है। इधर, पटना स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय समेत पार्टी के जिला कार्यालयों में भी जयंती समारोह का आयोजन किया गया।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के कोरमा थाना क्षेत्र से पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने एक घर में छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से हथियार भी बरामद किये गये हैं।

———————————————————————

पटना के मसौढ़ी में पिछले दिनों एक जमीन कारोबारी की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मृतक की बहू भी शामिल है।

———————————————————————

सुपौल जिले के निर्मली में एक ट्रक चालक से हुई लूटपाट के मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया।

———————————————————————

अररिया जिले की एक अदालत ने दहेज हत्या के पांच साल पुराने एक मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास और पंद्रह—पंद्रह हजार रूपये अथदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. संसद का बजट सत्र बाईस जुलाई से शुरू होगा। तेईस जुलाई को लोकसभा में पेश किया जाएगा आम बजट।

02. केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा– अगले पांच वर्षों में लगभग दो लाख ग्राम पंचायतों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियां, पैक्स स्थापित की जाएगी।

03. स्वास्थ्य मंत्रालय ने नीट– यूजी काउंसलिंग स्थगित किये जाने के समाचार को फर्जी बताया। कहा– काउंसलिंग कार्यक्रम की अब तक नहीं की गयी है घोषणा।

04. और, मॉनसून की सक्रियता से प्रदेशभर में बारिश का सिलसिला जारी। वाल्मीकिनगर गंडक बराज और भीमनगर कोसी बराज से पानी छोड़े जाने के बाद निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ा।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।